'फरक्का जलसंधि पर नीतीश संवाद' की तैयारी तेज

भागलपुर पहुंचेंगे संजय झा और उमेश कुशवाहा, जदयू पदाधिकारियों को मिला मनोनयन पत्र

भागलपुर(आससे)। आगामी कार्यक्रम 'फरक्का जलसंधि पर नीतीश संवाद' को सफल बनाने के लिए भागलपुर में जनता दल यूनाइटेड ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में 25 अक्टूबर रविवार को जिला जदयू कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में उपरोक्त कार्यक्रम की तैयारियों,संगठनात्मक समन्वय और कार्यकर्ताओं की भागीदारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

संगठन में मनोनीत किए गए पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र भी प्रदान किया गया। बैठक की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता ने की। जिलाध्यक्ष ने जानकारी दी कि,आगामी कार्यक्रम में जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। इस कार्यक्रम को भागलपुर के टाउन हॉल में होना है। पार्टी नेताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संगठन के विभिन्न स्तरों पर समन्वय स्थापित करने और अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। सुल्तानगंज के विधायक ललित नारायण मंडल सुडु साई शैलेंद्र तोमर शेखर पांडे राकेश



ओझा सहित महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सहित कहलगांव, पिरपैती, सुल्तानगंज, नवगछिया क्षेत्र के नेताओं और भागलपुर जिले के नवचयनित पदाधिकारियों समेत जदयू के दर्जनों नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सभी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए अपने-अपने स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही। इस अवसर पर संगठन में विभिन्न पदों पर मनोनीत किए गए पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र भी सौंपा गया। मनोनयन पत्र मिलने के बाद पदाधिकारियों में उत्साह देखा गया। पार्टी नेतृत्व ने संगठन को मजबूत बनाने,सरकार की नीतियों एवं नीतीश कुमार के विचारों को आम लोगों तक पहुंचाने तथा आगामी कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए मिलकर काम करने का संदेश दिया।

जदयू जिला प्रवक्ता शैलेन्द्र तोमर ने बताया कि 'फरक्का जलसंधि पर नीतीश संवाद' पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। इसकी तैयारियों को लेकर संगठन के वरिष्ठ नेताओं से लेकर जिला और प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों तक को सक्रिय किया जा रहा है।

बैठक में सांसद,पूर्व सांसद,विधान पार्षद एवं पूर्व विधान पार्षद,विधायक एवं पूर्व विधायक सहित पार्टी के मूल संगठन और विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई। जदयू नेताओं का मानना है कि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा की मौजूदगी से कार्यक्रम को नई मजबूती मिलेगी।

टाउन हॉल में प्रस्तावित इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पार्टी संगठन ने तैयारियों को अंतिम रूप देने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं।

दुकान पर बैठे युवक को ईंट से मारकर किया जख्मी

हवेली खड़गपुर (आससे)। नगर क्षेत्र के छोटी मंझगाय गांव में आपसी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार छोटी मंझगाय निवासी अजीत कुमार गांव की ही एक दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान गांव के ही विनोदी यादव का पुत्र निर्मल कुमार उसके साथ गाली-गलौच करने लगा। अजीत कुमार ने बताया कि जब वह निर्मल की इस हरकत की शिकायत करने उसके घर गया तो इससे गुस्साए निर्मल ने उस पर अचानक ईंट से अजीत के सिर पर वार कर दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए जख्मी अजीत को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, हवेली खड़गपुर में भर्ती कराया। युवक के सिर पर गंभीर चोट आई है।

नीट क्वालीफाई करने वाली फैजा आफरीन को किया गया सम्मानित

मुंगेर (आससे)। रविवार को अल्पसंख्यक विकास मोर्चा मुंगेर की ओर से रेडिएंट रिजियस कॉन्वेंट स्कूल हाजी सुभान के प्रांगण में नीट की



परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाली डॉ मो जहांगीर की पुत्री फैजा आफरीन एवं पीजी नीट मेडिकल में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले मिर्जापुर बरदह निवासी मो मुजफ्फर अली को शाल डायरी एवं कलम देकर सम्मानित किया गया ।जिसकी अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य डॉक्टर मंसूर नियाजी ने की और इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी प्राचार्य डॉ देवराज सुमन जेआरएस कॉलेज जमालपुर थे। मंच का संचालन अधिवक्ता मो जाहांगीर ने की और अपने भाषण में डॉक्टर मंसूर नियाजी ने कहा कि यह हम लोगों के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि हमारे बच्चे और बच्चियों अपने कलाम की ताकत से अच्छे-अच्छे मुकाम हासिल कर रहे हैं।

डॉक्टर देवराज सुमन ने भी संबोधित करते हुए कहा कि मिर्जापुर वर्धा के नौजवान ने यह साबित कर दिया कि आज के दौर में शिक्षा से बढ़कर कोई असली ताकत नहीं है और इन्होंने अपने ही नहीं पूरे समाज के साथ-साथ मुंगेर जिला का नाम रोशन किया है और एक ही परिवार में चार एमबीबीएस डॉक्टर बन जाना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। मंच का संचालन करते हुए अधिवक्ता मोहम्मद जहांगीर में मैं बताएं कि आज के दौर में खासकर निम्न परिवार के बच्चे बच्चियों ही ज्यादातर कामयाबी हासिल कर रहे हैं और अपने परिवार के साथ-साथ समाज जिला का नाम रोशन कर रहे हैं। इस अवसर पर अबू मोहम्मद, अधिवक्ता शाहिद हुसैन, मोहम्मद शकील सैदा, हाजी हसिबुरहमान, मो जियाउर्रहमान, डॉक्टर शाहिद वसीम, मोहम्मद ऐनुल सरदार, मोहम्मद आलम, र ईशूर रजा, मोहम्मद कमाल अहमद, मोहम्मद साहनियाज आलम नेवी अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

बजरंगबली मंदिर निर्माण को लेकर कलश शोभा यात्रा

गनगनिया स्थित गंगा तट से जलभकर लक्ष्मण टोला सठबिग्घी पहुंचा

हवेली खड़गपुर (आससे)। प्रखंड के अग्रहण पंचायत के सठबिग्घी लक्ष्मण टोला में बजरंगबली मंदिर निर्माण को लेकर विशाल कलश शोभा यात्रा निकाली गई। गनगनियां स्थित गंगा के तट से पवित्र जल भरकर कलश यात्रा प्रारंभ हुई जो ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया। धर्मानुरागी महिलाओं ने



भक्तिभाव के साथ सिर पर कलश रखकर गांवों का भ्रमण कर धार्मिक अलख जगाया। पूरे विधान के साथ पूजा अर्चना और कर्मकांड के बाद कलश यात्रा प्रारंभ हुआ। गाजे बाजे और भक्ति गीतों के बीच निकली कलश यात्रा में शामिल महिला और कुंवारी कन्याओं ने श्रद्धा भाव के साथ कलश यात्रा में शामिल हुई। धार्मिक अनुष्ठान और बजरंगबली मंदिर निर्माण को लेकर ग्रामीणों में विशेष धार्मिक आस्था देखी जा रही है। ग्रामीण युवा, बच्चे, महिला और बुजुर्ग सभी धार्मिक भक्ति के रंग में रंगे हुए है। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि नेपाली मंडल, निरंजन मंडल, दामोदर मंडल, अजय मंडल गोरेलाल मंडल, विनोद मंडल, सुनील मंडल, दिनेश मंडल, हकीम मंडल आदि समेत सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

डीडीसी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग-सह-मीडिया प्रबंधन कोषांग की बैठक आयोजित

बांका (आससे)। सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, बिहार सरकार से प्राप्त निदेश के आलोक में बांका जिला में जिलाधिकारी बांका द्वारा जिला स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग-सह-मीडिया प्रबंधन कोषांग का गठन किया गया था । इसी आलोक में उप विकास आयुक्त, बांका की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग-सह-मीडिया प्रबंधन कोषांग की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरकार के निर्देशों के अनुरूप जिले में प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया एवं वेब पोर्टल पर प्रसारित समाचारों एवं सूचनाओं के सतत अनुश्रवण की रूपरेखा पर चर्चा की गई। विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की सही जानकारी आमजन तक समयबद्ध रूप से पहुंचाने के लिए प्रभावी प्रचार-



प्रसार तथा मीडिया समन्वय सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। बैठक में विभिन्न संचार माध्यमों पर प्रसारित भ्रामक, तथ्यहीन एवं नकारात्मक सूचनाओं की समयबद्ध पहचान, सत्यापन एवं खंडन की प्रक्रिया पर भी चर्चा की गई। इस क्रम में संबंधित विभागों से तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त कर आवश्यकतानुसार मीडिया संस्थानों को खंडन भेजने तथा सोशल मीडिया पर काउंटर जारी करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

सोशल मीडिया हैंडल एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से भ्रामक सूचनाएं तथा अफवाह फैलाने वाली सामग्री पर साइबर सेल द्वारा निगरानी रखी जाएगी। आवश्यकतानुसार संबंधित हैंडल या प्रोफाइल के विरुद्ध पोस्ट हटाने, प्रोफाइल विलोपन तथा प्राथमिकी (एफ आई आर) दर्ज करने सहित नियमानुसार विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कोषांग के कार्यों का प्रभावी संचालन करने तथा भ्रामक सूचनाओं के मामलों में तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी राजस्व शाखा ,पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), पुलिस उपाधीक्षक (साइबर) तथा जिला जन-सम्पर्क पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

दारोगा योगेश कुमार की मौत अब नये मोड़ पर

शव के पास मिले नोट,शादी से मनमुटाव का है जिक्र

नवगछिया(आससे)। भागलपुर के नवगछिया पुलिस लाइन में दरोगा योगेश कुमार की मौत के मामले में पुलिस को शव के पास से एक नोट बरामद हुआ है। नवगछिया एसपी वैभव शर्मा ने बताया कि नोट में शादी को लेकर पति-पत्नी के बीच मनमुटाव का जिक्र किया गया है। हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि आखिर योगेश कुमार ने यह कदम क्यों उठाया। घटना की सूचना मिलते ही योगेश कुमार की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। उनकी तबीयत बिगड़ने पर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। गौरतलब है कि नवगछिया पुलिस लाइन



स्थित सरकारी क्वार्टर में दरोगा योगेश कुमार का शव फंदे से लटका मिला था। इस घटना के बाद परिजनों ने कार्यस्थल पर प्रताड़ना और तबादले के बावजूद विरमित नहीं किए जाने को लेकर सवाल उठाए थे। वहीं अब शव के पास से नोट मिलने के बाद मामले की जांच में पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रख रही है। फिलहाल मौत की असली वजह जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

अंडर 17 और 19 आयु वर्ग में मुंगेर ने जीत हासिल की

राज्यस्तरीय विद्यालय बालिका वॉलीबॉल प्रतिस्पर्धा संपन्न

जमुई (आससे)। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण , खेल विभाग बिहार और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जमुई जिला के सोनपे मैदान पर आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय विद्यालय बालिका वॉलीबॉल प्रतिस्पर्धा उत्साह के वातावरण में संपन्न हो गया। इस खेल महाकुंभ में बिहार के आठ प्रमंडल के अंडर 14/17 और 19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के आखिरी दिन यानी रविवार को सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला खेला गया। सेमीफाइनल में अंडर 14 में तिरहुत बनाम दरभंगा के बीच मुकाबले में तिरहुत विजेता रही , दूसरा मुकाबला कोशी एवं सारण के बीच हुआ जिसमें कोशी विजेता रही। अंडर 17 में भागलपुर एवं पटना के मुकाबले में पटना विजेता रही वहीं मुंगेर एवं सारण के मुकाबले में मुंगेर विजेता रही।



अंडर 19 में दरभंगा एवं भागलपुर के मुकाबले में दरभंगा विजेता रही वहीं मुंगेर एवं सारण के बीच हुए मुकाबले में मुंगेर विजेता रही। फाइनल मुकाबला में अंडर 14 का विजेता तिरहुत बना जबकि उपविजेता कोशी रहा। अंडर 17 का विजेता मुंगेर रहा जबकि उपविजेता पटना बना।

अंडर 19 का भी विजेता मुंगेर रहा जबकि उपविजेता दरभंगा प्रमंडल रहा। जिला खेल पदाधिकारी परिमल के साथ आगत अतिथियों ने विजेता तथा उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान किया। श्री परिमल ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई दी साथ ही विजेता टीम को आगामी राष्ट्रीय खेल में और अच्छे तैयारियों के साथ बेहतरीन प्रदर्शन कर विजेता बनने का संदेश दिया। खेल महाकुंभ हर्षोल्लास के माहौल में संपन्न हो गया।

वासंतिक महाभियान में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

सन्हौला (आससे)। सन्हौला प्रखंड परिसर स्थित कृषि कार्यालय के सभागार में रविवार को आत्मा भागलपुर के सौजन्य से वासंतिक (रबी) महाभियान 2026 के तहत प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण-सह-उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनामिका कपूर ने की। कार्यक्रम का उद्घाटन आत्मा भागलपुर के उप परियोजना निदेशक प्रभात कुमार सिंह, कृषि वैज्ञानिक डॉ. पंकज कुमार, एम जेड होदा, बीएओ अनामिका कपूर सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर सभी अतिथियों को फूल और पौधा देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप परियोजना निदेशक प्रभात कुमार सिंह ने किसानों को रबी फसल की जैविक तकनीक से खेती करने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि रबी सीजन में गेहूं, चना, मसूर, मक्का, बेबी कॉर्न, स्वीट कॉर्न, मूंग आदि फसलों की उन्नत खेती कर किसान अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं।

वोट बचाओ-देश बचाओ को लेकर होगी महारैली : कांग्रेस

मुंगेर (आससे)। मुंगेर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा वोट बचाओ-देश बचाओ को लेकर आगामी 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाले महारैली को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने बताया कि बताया कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की एक बड़ी महारैली जन आंदोलन का आयोजन का कार्यक्रम है द्यजिसमें मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कथित वोट-चोरी और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफा की मांग की जाएगी। दिल्ली चलो मार्च के तहत कांग्रेस ने इस आंदोलन को वोट बचाओ- देश बचाओ का नारा दिया है द्यपार्टी नेताओं का दावा है कि दिल्ली चलो मार्च और महारैली में देशभर से लाखों- लाख की संख्या में नागरिक और कार्यकर्ता शामिल होंगे। जबकि जिला कांग्रेस के प्रवक्ता विनय कुमार गुड्डू ने जानकारी दी है कि भाजपा इस महारैली को लेकर हताश है ! जिसे गलत बयान बाजी कर गुमराह करना चाहती है द्यइस महारैली में देश भर में मतदाता सूची के विशेष ग्हन पुनरीक्षण में कथित अनियमितताओं और गड़बड़ी के खिलाफ बुलाई गई है। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से निरंजन झा ,रामप्रवेश यादव ,अशोक पासवान, अर्जुन प्रसाद सिंह, शशांक रंजन ,राकेश मंडल ,मनोज कुमार, दिनेश यादव ,चंदन सिंह ,मोहम्मद कमाल अहमद ,बीकेनिशला ,अखिलेश सिंह ,मोहम्मद शागिर अहमद, विशाल चौरसिया ,संजय पोद्दार, रूप कुमार यादव, आदि उपस्थित थे।



नगर निकाय कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल 3 नवम्बर से

30 अक्टूबर को नगर आयुक्त के समक्ष प्रदर्शन

भागलपुर(आससे)। दैनिक सफाई कर्मियों का नियमितीकरण व सेवा सुरक्षा,ठेका-आउटसोर्सिंग का खात्मा व समान काम के लिए समान वेतन और एसीपी / एमएसीपी का पूर्ण कार्यान्वयन व बकाया भुगतान आदि 11 सूत्री मांगों सहित 6 अगस्त को सरकार के साथ हुए समझौते का पूर्ण अनुपालन के सवाल पर बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ (ऐक्टू) के आह्वान पर राज्यभर नगर निकाय कर्मी 3 नवम्बर 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। ऐक्टू के राज्य सह जिला सचिव मुकेश मुक्त ने कहा कि पिछली राज्यव्यापी हड़ताल के बाद बीते 6 अगस्त को हुए समझौते को लागू करवाने में राज्य सरकार विफल साबित हुई है। मजबूरन नगर निकाय कर्मियों ने दोबारा हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। इस राज्यव्यापी हड़ताल में बिहार लोकल बॉडीज इंप्लाइज फेडरेशन भी शामिल होंगे। हड़ताल के पहले 30 अक्टूबर 2026 को नगर निगम के कर्मचारी राज्यभर में नगर आयुक्त के समक्ष प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर निकाय कर्मियों द्वारा फिर से हड़ताल पर जाने का निर्णय बिल्कुल जायज है। ये कर्मी वर्षों से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहें है किंतु एनडीए सरकार का रवैया कपटपूर्ण है। यह धोखा मंजूर नहीं। एक तरफ वह कर्मियों के साथ समझौता करती है और दूसरी ओर अपने अधीनस्थ अधिकारियों को समझौते को लागू नहीं करने के लिए उकसाती है। यह बहुत ही निराशाजनक रहा है। नगर निकाय कर्मियों, खास कर सफाई कर्मियों की स्थिति बहुत ही दयनीय है। ज्यादातर सफाई कर्मी दैनिक मजदूरी पर काम करने के लिए विवश हैं। सफाई का स्थायी काम है। इसलिए इनकी सेवा भी स्थायी होनी चाहिए। स्थायी प्रवृति के कामों के लिए सरकार ठेका और आउटसोर्सिंग के जरिए कार्यबल बहाल करना बंद करे।

शिक्षकों ने की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग

भागलपुर(आससे)। बिहार स्टेट टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में रविवार को लाजपत पार्क,भागलपुर में संगठन की कोर कमेटी की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के विस्तार एवं मजबूती के साथ शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर दिया गया। सर्वसम्मति से नैना कुमारी को जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। बैठक में रसोइयों के कई महीनों से लंबित मानदेय एवं सफाईकर्मियों के बकाया वेतन का अविलंब भुगतान करने,मध्यान्ह भोजन मद में राशि आवंटित होने के बावजूद भुगतान में आ रही बाधाओं को दूर करने तथा ग्रामीण विद्यालयों में जीएसटी बिल की अनुपलब्धता से उत्पन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई। संघ ने सितंबर माह के लंबित वेतन तथा अक्टूबर माह के सभी कोटि के शिक्षकों के वेतन का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने की मांग करते हुए कहा कि जांच के नाम पर वेतन भुगतान में अनावश्यक विलंब से शिक्षकों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त, सेवाकाल में मृत शिक्षकों के आश्रितों को मुआवजा एवं अनुकंपा पर नियुक्ति शीघ्र देने, साक्षरता चतुर्थ में उत्तीर्ण शिक्षकों की तकनीकी जॉइनिंग कराने तथा कालबद्ध प्रोन्नति के योग्य शिक्षकों को इसका लाभ देने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।

गरीबी के इम्तेहान में अंतिम संस्कार के लिए भी नहीं जुटे पैसे

अधजले शव को जमीन में दफनाने को मजबूर और लाचार था गरीब मजदूर

-हिमांशु शेखर-

भागलपुर। भागलपुर के घोघा थाना क्षेत्र में पनुचक से इंसानियत को झकझोर देने वाली तस्वीर सामने आई। गरीबी और बेबसी की हद देखिए कि,एक परिवार के पास अपने ही घर के सदस्य का अंतिम संस्कार पूरा करने तक के पैसे नहीं थे। ईंट-भट्ठे पर मजदूरी कर परिवार चलाने वाले मंगल ऋषि का 18 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी मौत के बाद परिवार के सामने अंतिम संस्कार की व्यवस्था करना भी बड़ी चुनौती बन गई थी। परिजनों ने कफन और लकड़ी के इंतजाम के लिए लोगों से चंदा इकट्ठा किया,लेकिन चंदे की रकम इतनी नहीं हो पाई कि,दाह-संस्कार के लिए पर्याप्त मात्रा में लकड़ियां खरीदी जा सकें। नतीजा यह हुआ कि अंतिम संस्कार अधूरा रह गया और मजबूरी में परिवार को अधजले शव के बचे हुए हिस्से को गड्ढा खोदकर जमीन में दफनाना पड़ा। यह घटना गरीबी की उस भयावह तस्वीर को सामने लाती है,जहां इंसान को अपनों की अंतिम विदाई के लिए भी दूसरों के सामने हाथ फैलाना पड़ गया। मंगल ऋषि अपने पीछे पत्नी सोनी देवी, मां विमली देवी और पांच बच्चों को छोड़ गए हैं,जिनमें तीन बेटियां भी शामिल हैं। अब परिवार के सामने बच्चों के पालन-पोषण की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। परिजनों के मुताबिक वर्षों पहले गंगा कटाव में उनकी जमीन प्रभावित हो गई थी। फिलहाल परिवार दूसरे की जमीन पर रहने को मजबूर है। न अपनी जमीन है न पक्का मकान और न ही कमाई का कोई स्थायी साधन। परिवार की मानें तो गरीब पड़ोसियों को छोड़कर अब तक कोई खास मदद के लिए आगे नहीं आया है। घटना के छह दिन बाद मुखिया की ओर से कुछ राशन सामग्री जरूर उपलब्ध कराई गई,लेकिन पांच बच्चों वाले परिवार की जरूरतें इससे कहीं ज्यादा हैं।



अब यह बेसहारा परिवार बिहार सरकार, पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव,स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संस्थाओं से मदद की आस लगाए बैठा है। परिवार को रहने के लिए सुरक्षित आशियाना,आजीविका का साधन और बच्चों के भविष्य के लिए आर्थिक सहारे की जरूरत है। सवाल यह है कि जिस परिवार को अंतिम संस्कार के लिए भी चंदा जुटाना पड़ा,उसकी सुध लेने के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधि कब आगे आएंगे। बिहार सरकार बेघरों को बसने के लिए जमीन और पक्के मकान मुहैया करने का दावा तो कर रही है पर इस गरीब को देखने और सुनने के बाद सरकारी डाटा भी झूठ लगता है।

आखिर सरकारी सुविधाएं ऐसे गरीबों तक क्यों नहीं पहुंचते है,सरकारी योजनाओं पर नजर लगाए बैठे बड़ी मछलियों के मुंह से कैसे बचेंगे ये गरीब,जब भ्रष्टाचार पूरी तरह प्रदेश को दीमक की तरह अंदर से खोखला करता जा रहा है।

चोरीकांड का खुलासा : 1.08 लाख नकद और सोने के जेवर बरामद

सन्हौला (आससे)। भागलपुर जिले के सन्हौला थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव में घर से नकदी और सोने के आभूषण चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। मामले में तीन लोगों को पकड़कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस ने इनके पास से 1 लाख 8 हजार 500 रुपए नकद, एक मोबाइल और सोने के कई आभूषण बरामद किए हैं। वरीय पुलिस अधीक्षक, भागलपुर की ओर से 25 अक्टूबर को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार,कमालपुर निवासी स्वर्गीय मुर्तजा की पत्नी तवस्सुम आरा (48) ने 24 अक्टूबर को घर में चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। आवेदन में गोदरेज से करीब 3 लाख रुपए नकद, सोने का हार, झुमका, नाक की नथ, चेन और मोबाइल चोरी होने की बात कही गई थी। इस संबंध में सन्हौला थाना कांड संख्या 127/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 में प्राथमिकी दर्ज की गई। एसएसपी के निर्देश पर कहलगांव एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी अनुसंधान के आधार पर कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए लोगों में मो. सरफराज (21), पिता मो. नौसाद, निवासी रेनगांव बुजुर्ग, थाना धोरैया, जिला बांका दूसरा नाबालिग है, जिसकी पहचान गोपनीय रखी गई है। और तीसरा इब्राहिम,है नकदी और जेवर बरामद- पुलिस ने 1,08,500 रुपए नकद, एक मोबाइल फोन, सोने की एक चेन, कान के टॉप्स, एक जोड़ी झुमका और सोने की दो चकती बरामद की हैं।

व इजलास,
श्रीमान् जिला एवम् सत्र न्यायाधीश संख्या 19 भागलपुर
आर्बिट्रेशन मनी इजराय वाद संख्याः 70/2023
(Arbitration Money Execution Case No.70/2023)
चोलामंडलम इनवेस्टमेंट फिनान्स एण्ड कम्पनी लिमिटेड ..... डिक्रीदार
वनाम्
रूपेश कुमार ..... जजमेंट डेटर
नोटिस वनाम्
Mr. Rupesh Kumar aged about 24 years S/o-Umesh Yadav, Village-Bhawanipur, Sangrampur, Near Hanuman Mandir, Munger, PIN:813212
चूँ वजरिए गजट प्रकाशन के आपको सूचित किया जाता है कि डिक्रीदार के द्वारा आपके विरूद्ध उक्त वाद लाया गया है जिसकी सूचना पूर्व में आपलोगों को न्यायालय द्वारा एवम् न्यायालय की अनुमति से निबन्धित डाक द्वारा दी जा चुकी है, लेकिन आपलोग विद्वान न्यायालय में हाजिर नहीं हो सके।
इस वाद में अगली सुनवाई की तिथि **27.10.26** को निश्चित की गई है। उक्त तिथि को न्यायालय में उपस्थित होकर आपलोग अपना पक्ष रखें। उक्त तिथि को आपलोगों के उपस्थित नहीं होने की स्थिति में एकपक्षीय आदेश पारित किया जायगा। इसे सख्त ताकीद जानें। आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।
जिला एवम् सत्र न्यायाधीश संख्या 19 व्यवहार न्यायालय, भागलपुर